संख्या- 1/3005/9.1.2013.133सा/08

प्रेषक,

सी0बी0पालीवाल,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
स्थानीय निकाय,
उ0प्र0 लखनऊ।

नगर विकास विभाग-1 लखनऊ : दिनांक 03 अक्टूबर, 2013

विषय : नगरीय स्थानीय निकायों/जल संस्थानों में संस्थानों में 29 जून 1991 से पूर्व दैनिक वेतन पर कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के विनियमितीकरण हेतु अधिसंख्य पदों के सृजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-6/22सा(1)/दैनिक वेतन/2010 दिनांक 25.08.2011 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जल संस्थान लखनऊ में आवास विकास परिषद से स्थानान्तरित 29 जून 191 के पूर्व से कार्यरत दैनिक वेतन गैंगमैन के विनियमितीकरण हेतु पदों के सृजन का प्रस्ताव प्रेषित किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि वित्त विभाग के शासनादेश संख्या- वे.आ.-2-2003/दस-54(एम)/2008टी0सी0 दिनांक 08 सितम्बर 2010 में प्रदेश के नगरीय स्थानीय निकायों/जल संस्थानों में 29 जून, 1991 के पूर्व नियुक्त/कार्यरत दैनिक वेतन कार्मिकों को यथापेक्षित अधिसंख्य पद सृजित करते हुए तात्कालिक प्रभाव/शासनादेश निर्गत होने की तिथि से विनियमित किये जाने का निर्णय लिया गया है। विनियमितीकरण के फलस्वरूप आने वाला वित्तीय व्यय भार सम्बन्धित निकायों द्वारा अपने स्रोतों से वहन किया जायेगा और राज्य सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में कोई सहायता देय नहीं होगी।

3- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल महोदय जल संस्थान/जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ में आवास विकास परिषद से स्थानान्तरित 29 जून, 1991 से पूर्व से दैनिक वेतन पर कार्यरत संलग्न सूची में उल्लिखित गैंगमैन को तात्कालिक प्रभाव/शासनादेश निर्गत होने की तिथि से विनियिमत किये जाने हेतु 34 अधिसंख्य पदों को वेतनमान 5200-20200 ग्रेड पे रू0 1800 में निम्नलिखित प्रतिबन्धों/शर्तों के अधीन सृजित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(1) उक्त सृजित अधिसंख्य पदों पर होने वाला समस्त वित्तीय व्यय भार जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ द्वारा अपने संसाधनों से वहन किया जायेगा एवं इस हेतु राज्य सरकार द्वारा कोई सहायता देय नहीं होगी।
(2) नियमि संवर्ग में जैसे-जैसे पद रिक्त होंगे, उन पदों के विरूद्ध अधिसंख्य पदो ंका समायोजन करते हुए उतने ही अधिसंख्य पद स्वत: समाप्त माने जायेंगे।
(3) अधिसंख्य पद के पदधारकों के सेवानिवृत्त, मृत्यु या पद छोडने की दशा में पदधारकों के पद स्वत: समाप्त माने जायेंगे।

http://chasanadesh.up.nic.in

(4) भविष्य में चतुर्थ श्रेणी के पदों पर नियमित वेतनमान के कर्मी नहीं रखे जायेंगे।

(5) यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-8-3538/दस-2013 दिनांक 26 सितम्बर, 2013 में प्रप्त उनकी सहमति से निर्गत किये जा रहे हैं।

संलग्नक: यथोक्त

भवदीय,

(सी.बी.पालीवाल)
प्रमुख सचिव।

संख्या- 3005(1)/9-1-2013-133सा/2008, तददिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक काय्रवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. मण्डलायुक्त, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3. जिलाधिकारी, लखनऊ।
4. नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ।
5. महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ।
6. वित्त (व्यय नियंत्रक) अनुभाग-8।
7. वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2।
8. नगर विकास अनुभाग-3।
9. गार्ड फाइल।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

शासनोदश संख्या-3005/9-1-13-133सा/2008 दिनांक 03 अक्टूबर, 2013 का संलग्नक।

क्रमांक	कर्मचारी का नाम	जल संस्थान में कार्यभार ग्रहण की तिथि	आवास विकास की नियुक्ति की तिथि
1	श्री राज नारायण	1.12.1992	1.1.1986
2	श्री राम कुमार	1.12.1992	1.7.1984
3	श्री मो0 आरिफ	1.12.1992	21.9.1986
4	श्री किशोर कुमार	1.12.1992	1.5.1988
5	श्री पंचम सिंह	1.12.1992	4.9.1984
6	श्री शैलेश कुमार	1.12.1992	22.5.1986
7	श्री सत्यवीर सिंह	1.12.1992	1.5.1986
8	श्री विश्वनाथ यादव	1.12.1992	26.10.1985
9	श्री वेद प्रकाश यादव	1.12.1992	1.7.1985
10	श्री मस्त राम	1.12.1992	1.8.1984
11	श्री राम पाल	1.12.1992	1.11.84
12	श्री रविकान्त सिंह	1.12.1992	1.1.88
13	श्री राधेश्याम पाण्डेय	1.12.1992	1.7.85
14	श्री मो0 फुजैल	1.12.1992	21.6.87
15	श्री विजय सेन मौर्या	1.12.1992	1.12.84
16	श्री राम बली	11.12.1992	1.11.87
17	श्री आशा राम	1.12.1992	1.12.85
18	श्री योगेन्द्र कुमार विश्वकर्मा	1.12.1992	1.9.85
19	श्री जगदीश प्रसाद	1.12.1992	1.7.85
20	श्री पन्ना लाल	1.12.1992	1.11.84
21	श्री विश्राम	1.12.1992	20.7.86
22	श्री राम बाबू पाण्डेय	1.12.1992	7.12.84
23	श्री अमर नाथ सिंह	1.12.1992	28.9.85
24	श्री कैलाश सिंह	1.12.1992	1.1.85
25	श्री राम कुंवर	1.12.1992	1.4.88
26	श्री राम कुमार यादव	1.12.1992	1.2.86
27	श्री अरविन्द कुमार	1.12.1992	1.7.85
28	श्री अशोक कुमार मिश्रा	1.12.1992	1.8.85
29	श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव	1.12.1992	1.1.86
30	श्री श्याम नाथ	1.12.1992	9.4.86
31	श्री अरून कुमार श्रीवास्तव	1.12.1992	1.5.86
32	श्री मनोहर	1.12.1992	1.6.85
33	श्री अनिल कुमार द्विवेदी	1.12.1992	1.4.85
34	श्री आनन्द कुमार श्रीवास्तव	1.12.1992	1.4.86

(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in